# सुन्दरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मन्दसौर
## जिला मन्दसौर , मध्य प्रदेश

Email:deanspgmcmandsaur@gmail.com Website: www.spgmcmandsaur.org


क्रमांक:01../स्थापना/2026 मंदसौर, दिनांक 01/01/2026

**// सीनियर रेसीडेन्ट (SR) विज्ञप्ति के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना //**

सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मंदसौर में प्रत्येक मंगलवार (कार्य दिवस) को आयोजित होने वाले वॉक-इन इंटरव्यू हेतु जारी विज्ञप्ति क्रमांक 2265/स्थापना/2025, मंदसौर दिनांक 31/12/2025 के अनुसार, आवेदन पत्र में मांगे गए प्रमाण-पत्रों की सूची में आंशिक संशोधन किया जाता है।

मध्य प्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी (MPMSU), जबलपुर के परीक्षा नियंत्रक से दिनांक 31 दिसंबर 2025 को प्राप्त ई-मेल के अनुसार, MP Online पोर्टल में उत्पन्न तकनीकी समस्या के कारण MD/MS (मेडिकल) पोस्ट-ग्रेजुएट डिग्री की प्रोविजनल डिग्री प्रमाण-पत्रों के निर्माण में विलंब हो रहा है। उक्त परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए परीक्षा नियंत्रक, MPMSU द्वारा ई-मेल के माध्यम से अवगत कराया गया है कि यदि कोई आवेदक प्रोविजनल पोस्ट-ग्रेजुएट डिग्री एवं एडिशनल रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन की रसीद प्रस्तुत करने में असमर्थ रहता है, तो ऐसे आवेदक को MPMSU पोर्टल से ऑनलाइन जनरेट किए गए MD/MS (मेडिकल) पोस्ट-ग्रेजुएट डिग्री परीक्षा परिणाम (Result) के आधार पर साक्षात्कार हेतु पात्र माना जाए।

तथापि, चयनित अभ्यर्थी को सीनियर रेजिडेंसी पद पर कार्यभार ग्रहण (Joining) करने के पश्चात 15 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से प्रोविजनल पोस्ट-ग्रेजुएट डिग्री प्रमाण-पत्र एवं संबंधित एडिशनल रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र अधिष्ठाता कार्यालय में प्रस्तुत कर जमा करना होगा।

शेष सभी शर्तें यथावत रहेंगी।

अधिष्ठाता<br>
सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा<br>
महाविद्यालय, मंदसौर

**DEAN**<br>
**Sunder Lal Patwa**<br>
**Govt. Medical College**<br>
**MANDSAUR (M.P.)**